महत्वपूर्ण एवं खास

राशन कार्डधारियों से राशन दुकानों में 30 तक आधार जमा कराने की अपील

रायपुर(आरएनएस)। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ में अगस्त 2020 से 'वन नेशन वन राशनकार्ड' योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। योजना शुरू करने के लिए राज्य में प्रचलित सभी राशनकार्डो के सभी सदस्यों का आधार उनके राशनकार्ड से लिंक किया जाना अनिवार्य है। खाद्य विभाग द्वारा राज्य के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को उनके राशनकार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की फेटोकापी संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में 30 जुलाई तक जमा कराने की अपील की गई है ।

रामगोपाल अग्रवाल ने नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

रायपुर(आरएनएस)। नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने आज नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक सत्यनारायण शर्मा, अध्यक्ष खादी ग्राम उद्योग राजेन्द्र तिवारी ने रामगोपाल अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रामगोपाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रसंशा करते हुए भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रदान कराये जाने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री निरंजन दास सहित निगम के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री मोहम्मद अकबर ने हज हाउस के प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

रायपुर(आरएनएस)। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ हज हाउस के लिए आवंटित भूमि के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल निरीक्षण के दौरान हज हाऊस निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान ने प्रस्तावित स्थल पर बनने वाले हज हाउस के संबंध में विस्तृत जानकारी मंत्री अकबर को दी। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों के लिए राज्य शासन द्वारा नवा रायपुर में हज हाउस निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। हज हाउस का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जावेगा। इस अवसर पर शिव सिंह ठाकुर और अजय साहू भी उपस्थित थे।

कंपनी के बाहर खड़ी बाईक पार,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कंपनी के गेट के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कविलाश नगर भनपुरी निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 16 जुलाई को पैशन प्रो.मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केवी 0360 तारणी स्टील गेट के पास सिलतरा में खड़ी करके कंपनी के अंदर गया हुआ था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

छत्तीसगढ़ नवसृजन मंच ने कोर कमेटी का किया गठन

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ नवसृजन मंच ने सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए कोर कमेटी का गठन किया है। समिति के संयोजक डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर कमेटी में डॉ. राकेश नायक, एडव्होकेट नीलेश ठाकुर, प्रो. शरद काले, श्रीमती अमिषा पांडेय, प्रदीप शितुत, हेमंत शर्मा के साथ ही प्रदेश में मंच को विस्तार देने के लिए जिलावार कोर कमेटी में रेखेंद्र तिवारी बिलासपुर, एडव्होकेट नईम गाजी राजनांदगांव, अरविंद ओझा रायपुर एवं श्रीमती अनीता वर्मा को शामिल करते हुए महिला मंच का प्रमुख बनाया गया है। पं. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पदाधिकारियों को कोरोना काल में लाक डाउन के दौरान लोगों को आने वाली समस्याओं के निराकरण एवं जारी मोबाइल नंबर में संदेश मिलने पर तत्काल प्रभाव से मध्यम वर्गीय परिवारों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश आपसी सहमति से दिया गया है।

डूबने से युवक की मौत

महासमुंद (आरएनएस)। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम जोगनीपाली निवासी आकाश अग्रवाल पिता सुरेश अग्रवाल की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

राज्य के 03 ननि, 01 नपा और 6 नपं में पार्षदों के चुनाव की तैयारियों शुरू

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के तीन नगर निगम, एक नगर पालिका सहित 6 नगर पंचायतों में पार्षद के आम निर्वाचन तथा नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के उप चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव तथा उप चुनाव के मद्देनजर एक जनवरी 2020 की संदर्भ तारीख के आधार पर फेटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्रवाई के लिए दो चरणों में पूरी की जाएगी, जिसके तहत चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली 4 सितम्बर तक मुद्रण हेतु पीडीएफ तैयार कर निर्वाचन कार्यालय उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 9 सितम्बर को किया जाएगा।

दावा-आपत्तियां 18 सितम्बर तक प्राप्त की जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 अक्टूबर 2020 को होगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई एवं नगर पालिक निगम रिसाली, रायपुर जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम बीरगांव, कोरिया जिले की नगर पालिका परिषद शिवपुरचरचा तथा सुकमा जिले की नगर पंचायत कोंटा, बीजापुर जिला अंतर्गत नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम, कांकेर जिले की नगर पंचायत नरहरपुर, सूरजपुर जिले की नगर पंचायत प्रेमनगर तथा बेमेतरा जिले की नगर पंचायत मारो में पार्षदों का आम निर्वाचन होना है। इसी तरह धमतरी जिले की नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के पद के लिए उप चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में प्रेषित दिशा-निर्देश में फेटो निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्रवाई दो चरणों में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति 30 जुलाई तक करने को कहा गया है। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं प्रशिक्षण 4 अगस्त तक पूर्ण कर वार्डवार निर्वाचक नामावली की चेकलिस्ट 28 अगस्त तक तथा चेकलिस्ट संशोधन के पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली मुद्रण हेतु 4 सितम्बर तक निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। द्वितीय चरण के अंतर्गत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 9 सितम्बर को किया जाएगा। दावा-आपत्तियां 18 सितम्बर तक प्राप्त की जाएगी। निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन, विलोपन फार्मो की सॉफ्टवेयर में एंट्री 3 अक्टूबर तक की जानी होगी।

दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

रायपुर। भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष रसिक परमार ने आज अपने दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

रसिक परमार के इस्तीफे की प्रतिम सोशल मीडिया में भी वायरल हो रही है। इस्तीफा देने के बाद श्री परमार ने अपने जारी बयान में भी अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए कहा है कि विगत कुछ समय से दुग्ध महासंघ में घाटे की खबरें लगातार प्रकाशित प्रसारित होती आ रही हैं। इन आरोपों की पांच स्तरों पर जांच हो चुकी है और हर जांच में आरोप निराधार पाए गए हैं। इसके बाद भी मेरे खिलाफ सुनियोजित कुप्रचार चल रहा था। जिसके कारण मुझे अपने दायित्व निभाने में काफी तकलीफ आ रही थी। जिसके चलते मुझे त्यागपत्र देने का फैसला करना पड़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि पंजीयक के पत्र में 2016-17 से 2018-19 के बीच 19.09 करोड़ की हानि और मुझ पर कर्तव्य से विमुख होने का आरोप है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में तकनीकी त्रुटियों के कारण यह घाटा इतना दिख रहा है। वास्तव में दुग्ध महासंघ की वर्तमान स्थिति अभी भी मजबूत है। मेरे कार्यकाल में महासंघ को कभी परिचालन घाटा तो हुआ ही नहीं। जो घाटा दिख रहा था वह स्थापना व्यय व पूंजीगत व्यय के कारण दिख रहा था।

11 नक्सलियों ने थाना किरंदुल में किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान के तहत बुधवार को नक्सलियों के दरभा डिवीजन के मलांगिर एरिया कमेटी अंतर्गत नक्सली संगठन में सक्रिय 11 नक्सलियों जोगा कुंजाम, कोसा मड़काम, सोमारू माड़वी, कोसा माड़वी, कमलू माड़वी, बीडू तामो, हूंगा कुंजाम, सुरेश कुंजाम, पडरु, कड़ती दुगे, बोडडा बोसे ने डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के समक्ष थाना किरंदुल में आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान राजेन्द्र जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, देवांश राठौर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, किरंदुल थाना प्रभारी डीके बरवा उपस्थित थे।

उल्लेखनिय है कि विगत 01 महीने से जिला दंतेवाड़ा के विभिन्न ग्रामों के नक्सली संगठन में सक्रिय ग्रामीणों की घर वापसी हेतु थाना एवं कैम्पों में ग्राम पंचायतों में संबंधित क्षेत्र के सक्रीय नक्सली के नाम चस्पा कर नक्सली संगठन के खोखली विचारधारा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने हेतु लोन वराटू घर वापस आइए अभियान चलाया जा रहा है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नक्सली संगठन में सक्रिय नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने के लिए लगातार आव्हान कर अपील किया जा रहा है।

सेलून में घूसकर डण्डे व चाकू से मारकर किया दो युवकों घायल,मामला दर्ज

रायपुर। पुरानी दुश्मनी की वजह से सेलून मे घूसकर नाई काम करने वाले युवकों के साथ गाली गलौज कर डण्डे एवं चाकू से मारकर घायल कर देने की रपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दलदल सिवनी निवासी धमेन्द्र सेन 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका मकान व सेलून शंकरनगर में है,मकान में निर्माण का कार्य चल रहा है इस वजह से उसके पिता देख-रेख करने के लिये वहीं रह रहे है साथ प्रार्थी के सेलून में काम करने वाले युवक भी उसी मकान में रहते है। 21 जुलाई की रात तीन युवकों मकान में आकर उसके पिता से माचिस मांगा था नही देने पर वे गाली-गलौज करने लगे जिसकी की शिकायत 112 पर व सिविल लाईन थाने में की गई थी। इसी बात नाराज युवक रोहित ताण्डी व छवि महानंद एवं उसके साथी ने 22 जुलाई की रात्रि 7.30 बजे सेलून में काम करने वाले खिलेंद्र कुमार बिसेन आयु 23 साल एवं वेद प्रकाश धीवर आयु 19 वर्ष को दुकान में घूसकर गाली गलौज करते हुये हत्या करने की नियत से डण्डा एवं चाकू से मारकर चोट पहुचायी।

भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में पांडेय को शराबबंदी की याद क्यों नहीं आई : विकास

रायपुर। राज्यसभा सांसद भाजपा नेत्री सुश्री सरोज पांडेय द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राखी भेजने तथा पत्र लिखने पर कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि राखी भेजे जाने का कांग्रेस पार्टी स्वागत करती है साथ ही यह जानना चाहती है कि सुश्री सरोज पांडेय ने इसके पूर्व अपने बड़े भाई स्वरूप पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को उनके 15 साल के कार्यकाल में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी के लिए कितने बार पत्र लिखा है तथा उनके पत्र का डा. रमन सिंह ने क्या जवाब दिया था? यह प्रदेश की जनता भी जानना चाहती है। श्री तिवारी ने कहा कि राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे द्वारा भेजे गए राखी का स्वागत कांग्रेस पार्टी करती है और निश्चित तौर पर जो संकल्प कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूर्ण शराबबंदी का लिया गया था उसे पूरा भी किया जायेगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी यह जानना चाहती है कि राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे जो कि

दुर्ग से महापौर और विधायक भी रही है। राष्ट्रीय स्तर में उनका कद अपने बड़े भाई पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से बहुत बड़ा है। 15 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने कितने बार अपने बड़े भाई स्वरूप पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को राखी के साथ शराबबंदी हेतु पत्र भेजा है और उनके पत्राचार का उनके बड़े भाई पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने क्या जवाब दिया है, इस बात को पूरे प्रदेश की जनता राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे से जानना चाहती है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि अगर सुश्री सरोज पांडे के बड़े भाई डॉक्टर रमन सिंह अपने शासनकाल में शराबबंदी कर देते तो आज प्रदेश में शराबियों की संख्या एक भी नहीं होती राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे के बड़े भाई डॉक्टर रमन सिंह के राज में 300 करोड़ के प्रतिवर्ष बिकने वाला शराब 5000 करोड़ तक पहुंच गया तब अपने बड़े भाई डॉक्टर रमन सिंह को राखी के साथ पत्र भेजने वाली राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे से कांग्रेस पार्टी जानना चाहती है कि 15 सालों में उनके बड़े भाई डॉक्टर रमन सिंह के राज में लगातार प्रतिवर्ष शराब का टारगेट बढ़ाया जाता था, उस समय सुश्री सरोज पांडे अपने बड़े भाई डॉक्टर रमन सिंह को रक्षाबंधन के पावन पर्व में जो पत्र प्रेषित की थीं राखी के साथ उसे जनता के समक्ष अवश्य रूप से सार्वजनिक करें।

श्मशान घाटों में मनरेगा से होगी ग्रीन फेंसिंग

महासमुंद (आरएनएस)। जिले के श्मशान घाटों को हरा भरा किया जा रहा है। इन श्मशानों घाटों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही बाउंड्रीवाल जीवित पेड़ों व झाड़ियों तथा खाई-सह-मेड़ डिच-कम-बण्ड (डीसीबी) से बनाए जाएंगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने श्मशान घाटों में बाउंड्रीवाल के लिए लाइव या ग्रीन फेंसिंग तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा के अंतर्गत श्मशान घाटों में बाउंड्री-वाल के कार्य स्वीकृत किए जा सकते हैं। लेकिन इसके लिए पक्का या आरसीसी निर्माण की अनुमति नहीं है। श्मशान घाट के चारों ओर उपयुक्त जीवित पेड़ों और झाड़ियों के उपयोग से जीवंत बाउंड्री-वाल या खाई-सह-मेड़ डिच-कम-बण्ड (डीसीबी) का निर्माण किया जा सकता है।

बीट गार्ड शेखर रात्रे के समर्थन में अजाक्स जांच प्रक्रिया में गिनाई खामियां, आंदोलन की चेतावनी दी

कारबा। बाट गाड शखर सिह रात्र क समर्थन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ, अजाक्स खड़ा हो गया है। अजाक्स ने पीसीसीएफ रायपुर व सीसीएफ बिलासपुर को पत्र लिखकर जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है। शेखर के कदम को उचित बताते हुए रेंजर व डिप्टी रेंजर पर कार्रवाई की मांग की गई है। अपने बीट की सुरक्षा का दायित्व निभाने में शेखर ने जो हिम्मत दिखाई, अजाक्स ने उसकी प्रशंसा कर चेतावनी दी है कि अगर शेखर के विरूद्ध कोई कार्रवाई की गई तो उग्र आदालन किया जाएगा। कतव्य क लिए अपने ही विभाग के अफ सरों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले साहसी बीट गार्ड शेखर के विरुद्ध वन विभाग के आला अधिकारियों ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं। अपने साथ अन्याय होने की बात से अवगत कराते हुए शेखर जहां अपनी बात वन कर्मचारी संघ में रख रहे हैं, उनके समर्थन में अजाक्स संघ भी खड़ा हो गया है। अजाक्स की ओर से प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर व कटघोरा डीएफओ को ज्ञापन सौंपा गया है।

गोबर बेचने से हो रही अतिरिक्त आय ग्रामीण

पशुपालन को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ा

रायपुर । गोधन न्याय योजना ग्रामीणों और पशुपालकों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बन गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में हरेली पर्व से शुरू हुई गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ग्रामीणों से दो रूपए प्रतिकिलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। पशुओं का गोबर आय का जरिया बन जाने से ग्रामीण किसान और पशुपालक बहुत खुश नजर आ रहे हैं। अब ग्रामीण किसान

पशुपालन को लेकर उत्साहित है तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण गोबर खरीदी केन्द्र में गोबर बेचने आ रहे है। गौठानों में स्थित गोबर खरीदी केन्द्र में गोबर बेचने के लिए सभी हितग्राहियों को गोबर क्रय पत्रक दिया गया है। क्रय पत्रक में गोबर खरीदी की मात्रा, राशि दर्ज की जा रही है। गोबर को दो रूपए प्रतिकिलो की दर से खरीद कर प्रत्येक 15 दिनों में भुगतान हितग्राही के बैंक खाते में सीधे ही किया जाएगा। कोरबा जिले में गोधन न्याय योजना शुरू होने के दो दिनों मे ही किसानों ने लगभग 11 हजार किलो गोबर की बिक्री की है, जिससे 21 हजार रूपए से अधिक आय हुई है। जनपद कोरबा में सर्वाधिक गोबर की बिक्री हुई है। किसानों ने तीन हजार 975 किलोग्राम गोबर बेचकर सात हजार 950 रूपए की आवक प्राप्त की है। जनपद करतला मे किसानों से एक हजार 817 किलोग्राम गोबर खरीदी की गई जिससे तीन हजार 634 रूपए की आमदनी किसानों को हुई। जनपद कटघोरा के किसानों ने एक हजार 753 किलोग्राम गोबर बेचकर तीन हजार 306 रूपए कमाए। जनपद पाली के किसानों ने एक हजार 216 किलोग्राम गोबर बेची और दो हजार 433 रूपए का लाभ प्राप्त किए। इसी प्रकार जनपद पोड़ी-उपरोड़ा में कुल दो हजार 130 किलोग्राम गोबर की खरीदी की गई जिससे किसानों को चार हजार 260 रूपए का लाभ मिला।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवेका श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रकार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं जनशैक्षणिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सलाहता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विशेष कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU